अप्रैल, 2012

सम्मान्नीय महोदय,

सादर जय जिनेन्द्र !

विगत लम्बे समय से हम आपसे दूरभाष, पत्र या अन्य माध्यम से दूर रहे जिससे हमारे बीच सम्पर्क एवं संवाद का अभाव बन गया है। इस पत्र के माध्यम से हम क्षमा याचना करते हुये संवाद–हीनता को समाप्त कर निरंतर आपसे संपर्क बनाना चाहते हैं।

भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय में उपलब्ध चिकित्सा विशेषज्ञ

ब्र. डॉ. नीलम जैन एम.डी. पीडि. शिशु रोग विशेषज्ञ,
डॉ. प्रयंक जैन एम.डी. मेडीसिन ह्रदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. रजनीश मिश्रा एम.एस. आर्थों हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश जैन डी.आर्थो हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. स्वाति जैन डी.ए. एनेस्थीशिया निश्चेतना विशेषज्ञ
डॉ. एस.के. जैन डी.सी.पी. पैथॉलॉजिस्ट
डॉ. संतोष राय एम.एस. जनरल सर्जन कैन्सर रोग सलाहकार
डॉ. सर्वेश जैन एम.एस. आफ्थो नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. मोनिका जैन एम.एस. गायनी स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. शैफाली मलैया डी.जी.ओ. स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रूपाली जैन डी.जी.ओ. स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुषमा धामेचा बी.डी.एस. मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ

विगत वर्षों में सुपर आई.सी.सी.यू., सुपर डायग्नोस्टिक सेंटर, सी.टी. स्केन/एम.आर.आई., सेन्ट्रल ऑक्सीजन एवं सेन्ट्रल मॉनीटरिंग सिस्टम इस चिकित्सालय में स्थापित किये गये हैं जिनका लाभ सागर से 200 किलोमीटर दूरी तक चारों दिशाओं के ग्रामीण/शहरी मरीजों को मिला है। वर्तमान वर्ष में बंडा, चिनउआ, जरूआखेड़ा, गढ़ाकोटा, आदि दूरस्थ ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर लगाये गये हैं और संस्था द्वारा विशाल शल्य चिकित्सा शिविर 19 एवं 20 मई 2012 को लगाया जाना है।

जहाँ एक ओर यह संस्थान चिकित्सा सुविधाओं के लिए अग्रणी हैं वहीं दूसरी ओर शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन में संम्पूर्ण बुन्देलखण्ड में अपना नाम स्थापित कर चुका है। यहाँ की फॉर्मेसी कॉलेज में बी.फाम तथा एम.फाम डिग्री कोर्स संचालित हैं। नर्सिंग कॉलेज में बी.एस.सी नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम संचालित है साथ ही वर्तमान सत्र से जी.एन.एम. पाठ्यक्रम प्रारंभ करना प्रस्तावित है। पैरामेडीकल कॉलेज में डी.एम.एल.टी. द्विवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है तथा वर्तमान सत्र से एक्स–रे, ओ.टी., सी.टी., एम.आर.आई, सोनोग्राफी आदि पैरामेडीकल, टेक्नीशियन कोर्स संचालित किया जाना प्रस्तावित है।

गत वर्ष 2011–12 में रूपये 70,80,959.00 की एवं अप्रैल 2012 में रूपये 4,60,270.00 की चेरिटी आपके संस्थान द्वारा मरीजों के लिए की गयी है।

उपरोक्त जानकारी पश्चात् आपसे अनुरोध है कि यदि आपका पोस्टल एड्रेस या दूरभाष नं. बदल गया हो या बदलने जा रहे हों तो हमें 09827250752 पर एसएमएस करके या btct.saugor@gmail.com पर अवगत कराने का कष्ट करें। साथ ही आपके परिवारजन/मित्रगण आदि भाग्योदय तीर्थ के सहयोगी रहे हों या सहयोगी बनना चाहते हैं तो उनके पता/दूरभाष नम्बर से भी अवगत कराने का कष्ट करें। ताकि उन्हें भी संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रेषित कर सकें।

प.पू. 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा एवं मंगलाशीष से निर्मित यह संस्थान आपके द्वारा दिये गये सहयोग से ही प्रगति पथ पर अग्रसर हैं तथा सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड में पीड़ित मानवता की सेवार्थ जाना जाता है। आपका सहयोग ऐसा ही बना रहे ऐसी हमारी भावना है।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

Mihir K.S.

ब्र. मिहिर
प्रशासक